फा .स.एबी-11020/1/2024-सामान्य_समन्वय.; ई-27399

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

*****

जुलाई, 2024 के महीने के दौरान विभाग के महत्वपूर्ण विकास और प्रमुख उपलब्धियों का सारांश।

1. **<u>पशुधन स्वास्थ्य:</u>**

**I.** टीकाकरण कार्यक्रम- मुख्य उपलब्धियां

(क) एफएमडी टीकाकरण

(i) चाथे चरण में अब तक 14.32 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए तथा 18 राज्यों में पूर्ण हुए और 5 राज्यों में जारी हैं।

(ii) कर्नाटक और तमिलनाडु में एफएमडी टीकाकरण का पाचवां चरण शुरू किया गया और अब तक 1.78 करोड़ टीकाकरण किए जा चुके हैं।

(iii) कुल मिलाकर जुलाई, 2024 माह के दौरान, लगभग 2.23 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए हैं।

(ख) ब्रुसेलोसिस टीकाकरण

माह के दौरान, कुल 26 लाख ब्रुसेलोसिस टीकाकरण किए गए हैं (संचयी 3.87 करोड़)

(ग) पेस्टे-डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) टीकाकरण

माह के दौरान, 0.66 करोड़ पीपीआर टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 14.65 करोड़)

(घ) सीएसएफ (क्लासिकल स्वाइन फीवर) टीकाकरण

माह के दौरान, कुल 3.44 लाख सीएसएफ टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 54.82 लाख)

(ड) अन्य प्रमुख उपलब्धियां

डब्ल्यूओएएच दिशानिर्देशों के अनुसार एफएमडी मुक्त क्षेत्र हेतु, एफएमडी संबंधी रोग मुक्त क्षेत्र के लिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे राज्यों के साथ दिनांक 25 जुलाई 2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

**II.** लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के लिए टीकाकरण

जुलाई, 2024 तक कुल मिलाकर 4.51 करोड़ टीकाकरण किए गए।

**III.** **मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू)**

कुल मिलाकर, 22 राज्यों में 3,182 एमवीयू काम कर रही हैं जो अंतिम छोर तक पशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। माह के दौरान, 2,363,75 किसान लाभान्वित हुए और 9 राज्यों में 4,38,478 पशुओं का उपचार किया गया।

**IV.** **भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) से संबंधित कार्यकलाप/कार्य:**

(क) वीसीआई के 11 निर्वाचित सदस्यों तथा वीसीआई के मनोनीत सदस्यों की राजपत्र अधिसूचना क्रमशः दिनांक 01.07.2024 और 09.07.2024 को प्रकाशित की गई।

(ख) दिनांक 26.07.2024 को पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया।

**V.** **चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (सीएसएनआईएएच) से संबंधित कार्यकलाप/कार्य:**

(क) एलएचडीसीपी के तहत एफएमडी टीकों के 01 बैच और पीपीआर टीकों के 02 बैचों का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण पूरा किया।

(ख) महामारी प्रतिक्रिया हेतु भारत में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण पर महामारी निधि परियोजना के तहत एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की टीम ने सीसीएसएनआईएएच की प्रयोगशालाओं की अंतराल आकलन कार्यकलाप आयोजित करने के लिए दिनांक 16.07.2024 को संस्थान का दौरा किया

2. <u>**डेयरी प्रभाग:**</u>

i. पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में "राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2024" प्रदान करने के लिए दिनांक 01.07.2024 को दिशानिर्देश जारी किए गए।

इन पुरस्कारों के लिए दिनांक 15.07.2024 से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल यानी https://awards.gov.in के माध्यम से व्यक्ति(यों) और संगठन(नों) से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.08.2024 है।

ii. कृषि जिंसों की कीमतों की समीक्षा के लिए सचिव, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की अध्यक्षता में विशेष अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठक गुरुवार, दिनांक 11.07.2024 को शाम 05.00 बजे कक्ष सं. 41, कृषि भवन, नई दिल्ली में हुई और समिति ने सिफारिश की कि निम्नलिखित प्रस्ताव सीओएस और सीओएम के समक्ष रखा जाए।

iii. दूध उत्पादकों के लिए स्थिर इनपुट लागत बनाए रखने के लिए डीओआरबी के निर्यात पर प्रतिबंध को दिनांक 31.01.2025 तक बढ़ाया गया।

iv. गेहूं की भूसी के निर्यात के लिए एनओसी जारी करने पर दिनांक 31.01.2025 तक प्रतिबंध जारी रखा गया है।

आईएमसी की उपरोक्त सिफारिशों पर सीओएस और सीओएम द्वारा विचार किया गया। तदनुसार, उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए) ने दिनांक 31.07.2024 के पत्र द्वारा डीएफजीटी, वाणिज्य और उद्योग विभाग से उपरोक्त प्रस्तावों की अधिसूचना जारी करने का अनुरोध किया है।

3. <u>अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) आईसी(:</u>

**I. जुलाई, 2024 के माह के दौरान अधिकारियों द्वारा किए गए विदेशी दौरे:-**

| क्र.सं. | नाम और पदनाम | विषय | देश |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. अभिजीत मित्रा, पशुपालन आयुक्त<br>सुश्री सरिता चौहान, संयुक्त सचिव (एलएच) | दक्षिण एशियाई सीमा पार सामंजस्य बैठक में भाग लेने के लिए | दिनांक 07.07.2024 से 09.07.2024 ढाका, बांग्लादेश |
| 2 | सुश्री वर्षा जोशी, अपर सचिव, डीएएचडी | कृषि समिति (सीओएजी) और पशुधन संबंधी उप-समिति के दूसरे सत्र में भाग लेने के लिए | दिनांक 16.07.2024 से 18.07.2024 रोम, इटली |
| 3 | डॉ. देबलीना मित्रा, सहायक आयुक्त | एशिया प्रशांत रेबीज बैठक में भाग लेने के लिए | दिनांक 16.07.2024 से 18.07.2024 बैंकॉक, थाईलैंड |
| 4 | डॉ. बादल विश्वकर्मा, निदेशक, डीएएचडी<br>डॉ. अधिराज मिश्रा, सहायक आयुक्त | क्षेत्रीय आईएलएफएआरएम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए | दिनांक 23.07.2024 से 26.07.2024 बैंकॉक, थाईलैंड |

**II. पशुधन व्यापार संबंधी मुद्दों पर जुलाई, 2024 माह के दौरान विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ माननीय एफएएच एंड डी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक।**

i. सचिव, डीएएचडी और भारत में चिली के राजदूत महामहिम श्री जुआन अंगुलो मोनसाल्वे के बीच दिनांक 18.07.2024 को भारत और चिली के व्यापारिक हितों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक हुई। दोनों पक्ष वर्ष 2003 में पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और चिली के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत संयुक्त कार्य समूह को सक्रिय करने के लिए भी पारस्परिक रूप से सहमत हुए।

ii. सचिव, डीएएचडी और भारत में न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त महामहिम श्री पैट्रिक राटा के बीच दिनांक 24.07.2024 को पशु स्वास्थ्य और डेयरी के क्षेत्रों में पशुजनित उत्पादों के व्यापार सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए एक बैठक हुई। दोनों पक्ष डीएएचडी और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित किए जाने वाले प्रस्तावित समझौता ज्ञापन में तेजी लाने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत हुए।

**4. <u>क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी)</u>**

(i) दिनांक 01.07.2024 को जयपुर, राजस्थान में 'ए-हेल्प' कार्यक्रम शुरू किया गया। राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग के माननीय मंत्री श्री जोराराम कुमावत द्वारा दिनांक 01.07.2024 को राजस्थान के राजस्थान पशुधन प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर में ए-हेल्प कार्यक्रम शुरू किया गया।

(ii) विश्व जूनोसिस दिवस मनाने के लिए नई दिल्ली में दिनांक 05.07.2024 को विश्व जूनोसिस दिवस पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा विश्व जूनोसिस दिवस की पूर्व संध्या पर पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव (एएचडी) की अध्यक्षता में एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

(iii) मध्य प्रदेश के भोपाल में दिनांक 20.07.2024 को ए-हेल्प संबंधी इंगेजिंग सत्र का आयोजन किया गया।

(iv) दिनांक 30.07.2024 को सिक्किम में 'ए-हेल्प' कार्यक्रम शुरू किया गया। पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग के मंत्री श्री पूरन कुमार गुरुंग ने 'ए-हेल्प' का शुभारंभ किया।

5. **<u>बजट:</u>**

**<u>व्यय</u>**

जुलाई, 2024 माह में 242.49 करोड़ रुपये (अनंतिम) व्यय किए गए। दिनांक 01.04.2024 से 31.07.2024 तक कुल व्यय 644.19 करोड़ रुपये है।

6. **<u>शिकायत निवारण:</u>**

पशुपालन और डेयरी विभाग के संबंध में 217 शिकायतें अग्रेषित की गईं, माह के दौरान 187 शिकायतें प्राप्त हुईं और 244 का निवारण सीपीजीआरएएम पोर्टल के तहत किया गया।

********